# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरूंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव सीहोर, 21 दिसम्बर 2025

## न्यूज कार्नर

### कृषि मंत्री चौहान का दौरा कार्यक्रम

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसंबर को दोपहर 02 बजे बुधनी स्थित सेंट्रल फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट पहुंचेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 03ः30 बजे सलकनपुर पहुंचेंगे और पीएचई तथा पीडब्ल्यूडी विभागों के कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 05 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### प्रतियोगिता में बाक्सर दिखाएंगे अपना हुनर

**सीहोर।** सीहोर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव एवं कोच आनन्द पंसोरिया ने बताया कि आगामी दिनांक 22 से 24 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कि सिवनी मे आयोजित होने जा रही है, जिसमे सीहोर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के यूथ एवं सीनियर बालक/बालिका प्रतिभागी भाग लेगें। सभी युवा बॉक्सरों को समस्त सीहोर जिला खेल संघठनों ने बधाई व शुभकामनाऐं दी है।

### सीहोर की बेटी पलक बनी छात्रा प्रमुख

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69 वे राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रही पलक यादव अब॰क्ष्क्ष्क अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 58 वें प्रांत अधिवेशन 14,15,16 दिसंबर को डबरा में संपन्न हुआ जिसमें सीहोर की बेटी पलक (लता) यादव के राजगढ़ विभाग छात्रा प्रमुख का नवीन दायित्व मिला। प्रांतीय अधिवेशन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफैसर रघुराज जी तिवारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष जी चौहान प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र जी राजपूत प्रांत मंत्री केतन जी चतुर्वेदी का मार्गदर्शन मिला।

### तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन

**सीहोर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस लाइन ग्राउंड, सीहोर में तनावमुक्त ध्यान शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में किया गया। पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं कार्यकुशलता में वृद्धि के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हार्टफुलनेस संस्थान के प्रशिक्षकों हर्षित पुरोहित (प्रीसेप्टर), नीलम पुरोहित एवं अन्य प्रशिक्षकों द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान की विधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ध्यान अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति, आत्म-नियंत्रण एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया गया। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव, थाना प्रभारी मण्डी श्री सुनील मेहर सहित पुलिस लाइन, थाना मण्डी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा मनुवेन स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित 150 लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा नियमित ध्यान अभ्यास को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया।

### 29 दिसंबर कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव द्वारा जिले के दो जलाशयों को पट्टे पर देने संबंधी अधिसूचना जारी की गई है। मछली पालन विभाग की नीति के अंतर्गत जल संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सीहोर जनपद के भगवानपुरा जलाशय, जिसका औसत जलक्षेत्र 118.78 हेक्टेयर है, तथा भैरूंदा तहसील घोघरा जलाशय जिसका औसत जलक्षेत्र 242 हेक्टेयर है, को पट्टा आवंटन के लिए चयनित किया गया है। जलाशयों के पट्टा आवंटन के लिए विभाग ने प्राथमिकता क्रम भी निर्धारित किया है, जिसके तहत प्रथम प्राथमिकता पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों को दी जाएगी, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के पात्र हितग्राही शामिल हैं। मछुआ समूहों को प्राथमिकता मिलेगी, तीसरा क्रम उन व्यक्तिगत अथवा सामूहिक मत्स्यजनों को दिया जाएगा।

पर्याप्त डॉक्टर और समुचित संसाधन होने के बाद भी नहीं मिलता उचित उपचार

# अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी खाली रहते हैं कक्ष, मरीज हो रहे परेशान

**जागरण, सीहोर।** कहने को तो जिले भर के लोगों के उपचार के लिए जिला अस्पताल है और प्रतिदिन जिलेभर से बड़ी संख्या में शहरी और ग्रामीण उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचते ही हैं लेकिन अस्पताल में ड्यूटी के समय चिकित्सकों के कक्ष में नहीं बैठने के कारण मरीजों को उनका घंटों इंतेजार करना पड़ता है या फिर उपचार कराने के लिए निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की राह पकड़ना पड़ती है। जिसमें उनका समय तो नष्ट होता ही है वहीं धन की बर्बादी भी झेलनी पड़ती है। ऐसा नहीं है कि जिला अस्पताल की कमी हो या फिर उपचारके लिए संसाधनों का अभाव हो पर्याप्त चिकित्सक और समुचित संसाधन होने के बाद भी मरीजों को भटकना पड़ता है। उसके बाद भी इस बात की कोई ग्यारंटी नहीं है कि अस्पताल में उपचार मिल ही जाएगा।

#### खाली पड़े रहते हैं डॉक्टरों के कक्ष

जिला अस्पताल का अव्यवस्थाओं और डॉक्टरों की मनमानी का चोली दामन का साथ बना हुआ है। जिला अस्पताल में पदस्थ अधिकांश चिकित्सक प्रतिदिन भोपाल से आनाजाना करते हैं। उेसे में 9 बजे खुलने वाली ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष हमेशा खाली नजर आते हैं। ओपीडी में मरीजों को देखने के लिए डॉक्टर पहुंचते भी हैं तो निर्धारित समय सू पूर्व ही अपनी सीट से उठकर जाना उनकी दिनचर्या बनी हुई है। यदि डॉक्टर कक्ष में बैठते हैं तो उनका अधिकाश समय अपने साथी या फिर अन्य स्वास्यकर्मियों के साथ गपबाजी करने में ही बीतता है उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं रहती है कि उपचार के लिए आए मरीज डॉक्टर साहब के फ्री हाने का इंतेजार करते रहते हैं।




#### निर्धारित है डॉक्टरों के बैठने का समय

जिला अस्पताल में सेवारत डॉक्टरों के लिए ओपीडी में बैठने का समय सुबह नौ से एक बजे तक शाम पांच बजे से छः बजे तक निर्धारित है लेकिन सुबह के समय तो इक्का-दुक्का कक्ष में डॉक्टर बैठकर मरीजों का उपचार के लिए दवा पर्चा लिखते हुए नजर भी आ जाते हैं लेकिन शाम के समय निर्धारित समय में जिला अस्पताल में इमरजेंसी डॉक्टर के अलावा अन्य चिकित्सक अधिकतर नदारद ही रहेते हैं। ऐसे में मरीज थक हार कर बिना उपचार कराए ही लौटने को मजबूर हो जाता है।

#### ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या

ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही मौसमी बीमारियां भी बढ़ने लगी हैं। इन दिनों जिला अस्पताल में उल्टी दस्त और पेट जन्य बीमारियों के साथ ही पीलिया तथा सदी जुकाम के मरीज बहुतायत से पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल की दवा पर्चा बनवाने के लिए खिडकियों पर महिला पुरुषों की लम्बी-लम्बी कतारें सामान्य हो चुका है। वहीं जैसे तैसे डॉक्टर के मिलने पर दवा पर्चे पर लिखी दवाईयों के लिए भी दवा वितरण केन्द्र पर लम्बी कतारें लगाकर दवा प्राप्त करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सबसे अधिक परेशानी तो जिला अस्पताल में अनियमित डॉक्टरों से मरीजों को उठाना पड़ती है।

# आईजी ने अपराधों की समीक्षा कर दिये निर्देश



**जागरण, सीहोर।** पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन भोपाल अभय सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में गंभीर अपराध, प्राप्त सफलतायें, जागरूकता अभियान, कॉम्बिग गस्त, चिन्हित अपराध, मुस्कान अभियान, संगठित अपराध, मादक पदार्थ, सम्पत्ति संबंधी अपराध की बरामदगी, कानून-व्यवस्था की स्थिति, कुबरेश्वरधाम, आवंलीघाट, देवीधाम सलकनपुर, व्हीआईपी भ्रमण, जिले की बल की स्थिति, प्रशासकीय भवन, वाहनों की स्थिति एवं अन्य कानून व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुलिस द्वारा किये गये कार्य गंभीर, सम्पत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी जैसे- सभी गंभीर अपराध, लूट, नकबजनी, चोरी के अपराध की पतारसी करते हुये संबंधी संबंधी मामलों में वर्ष भर में बरामदगी का 83.23 प्रतिशत रहा जो कि अत्यन्त उल्लेखनीय हैं बड़े प्रकरण जैसे- डम्फर चोरी, बढ़ी नकबजनी, लूट के मामले आदि सफॅलतापूर्वक ट्रेस करते हुये आरोपियों की गिरफतारी की गई।

चिन्हित अपराधों में इस वर्ष 10 प्रकरणों में से 9 में (90 प्रतिशत) सजायाबी कराकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर। संगठित अपराधियों के विरूद्ध तार चोरी, जुआ सट्टा, एनडीपीएस एक्ट के 19 प्रकरणों में धारा 111,112 बीएनएस के तहत सगंठित अपराध की प्रभावी कार्यवाही की गई। आपरेशन मुस्कान के तहत 245 बालिकाओं को ढूडकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। जागरूकता अभियान के अन्तर्गत 1562 कार्यक्रम आयोजित कर 3,23705 व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से पहुंचा जाकर जागरूक किया गया जिसमे सेफ क्लिक, मैं हू अभिमन्यु, आपरेशन मुस्कान, नशे से दूरी हैं जरूरी एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। नाईट कॉम्बिग गस्त के दौरान वर्ष भर में 401 स्थाई वारंटियों और 794 गिरफतारी वारंट तामील किये गये। वर्ष भर में घटित गंभीर अपराध, मायनर एक्ट की प्रमुख कार्यवाहियॉ, कुबेरेशवर धाम, आवलीघाट, सलकनपुर इत्यादि कानून व्यवस्था संबंधी डियूटियॉ और उल्लेखनीय उपलब्धियॉ आदि सभी बिन्दुओं पर प्रशंसा की गई।

# एक्सीलेंस कॉलेज में 30 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**जागरण, सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के प्राचार्य डॉ. रोहिताश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन से एमओयू संस्थान एसवीसीजीसी उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु द्वारा महाविद्यालय में संचालित कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत इंग्लिश स्पोकन, सॉफ्टस्किल एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर आयोजित 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय बैच का समापन दिनांक 20 दिसंबर 2025 को किया गया। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता जिला नोडल अधिकारी डॉ. गणेश लाल जैन, कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. हुमा अख्तर, कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के समिति सदस्य डॉ. सिद्धनाथ खजुरिया, श्री विशाल परमार, डॉ. अजयपाल प्रजापति डॉ. नीलम कुशवाहा डॉ. दीपक बाखोरिया एवं सचिन जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सचिन मीणा द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल वितरित किए गए।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. हुमा अख्तर ने बताया कि यह शिक्षक आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों के संप्रेषण कौशल तकनीकी दक्षता तथा व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिससे वे आत्मविश्वास के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।



# संत गाडगे रजक समाज कल्याण समिति ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस, किया याद

**जागरण, सीहोर।** राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस% के रूप में संत गाडगे रजक समाज कल्याण समिति द्वारा मनाया गया। मंडी क्षेत्र के श्यामपुर रोड स्थित नरसिंहगढ़ नाका पर आयोजित हुए कार्यक्रम में समाजनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजजनों ने संत गाडगे बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में जमना प्रसाद मालवीय ने कहा कि संत गाडगे बाबा स्वच्छता के जनक थे। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली माध्यम बनाया था।

पुरण लाल मालवीय ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के गुरु भी संत गाडगे महाराज थे। संत गाडगे महाराज को महान समाज सुधारक बताते हुए इमरत लाल मालवीय ने बताया कि आज देश को सही रास्ता दिखाने के लिए संत गाडगे जैसे महान संतों की जरूरत है। उन्होंने भीख मांगकर कई विद्यालयों और धर्मशालाओं के साथ अस्पतालों का निर्माण कराया। लेकिन खुद ताउम्र सड़क की पटरियों और पेड़ों के नीचे रहकर अपनी जिंदगी गुजार दी। उन्होंने इतना ही नहीं उन्होंने अपने पूरे जीवन में कई अनाथालय, रैन बसेरा और नदियों और तालाबों के किनारे पक्के घाटों का निर्माण कराया।

वह जिस रास्ते पर चलते थे उसे साफ करते हुए चलते थे इसलिए उनको स्वच्छता आंदोलन के जनक के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने आजीवन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि वह बाह्य आडम्बर के घोर विरोधी थे। उनके अन्दर परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी थी। जुल्म और ज्यादती उन्हें पसन्द नहीं थी ,वह हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते रहे।



# शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसर की पहुंच से गरीबी को कम कर सकते हैं : डॉ. सिंह

**जागरण, सीहोर।** रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल शासकीय लाइब्रेरी में संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं को अर्थशास्त्र पढ़ा रहे थे। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को अर्थशास्त्र के अंतर्गत गरीबी को पढ़ाया। साथ ही इसके दो प्रकारों सापेक्ष गरीबी और निरपेक्ष ग़रीबी तथा गरीबी को कम कैसे किया जा सकता है इसे विस्तार से समझाया। इस दौरान सहायक संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा नेहा माहेश्वरी, शिक्षिका नीतू ,कविता और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। तहसीलदार अमित सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को गरीबी मापन के निर्धारक जैसे कि लॉरेंज वक्र और गिनी गुणांक तथा इसे निर्धारित करने के लिए आई कई समितियों को विस्तार से बताया जैसे कि रथ फार्मूला, सुरेंद्र तेंदुलकर समिति, सी. रंगराजन समिति आदि।

अंत में चर्चा के दौरान यह भी बताया कि हमें पढ़ते समय एक-एक घंटे के बीच में 10-10 मिनट का ब्रेक लेना चाहिये जिससे हमारा दिमाग कुछ समय के लिए रिलैक्स हो सके और हमारी पढ़ाई प्रोडक्टिव हो सके। इस निःशुल्क कोचिंग क्लासेस को संचालित करने में सुभाष मानवता विकास समिति और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति का महत्वपूर्ण योगदान है। उल्लेखनीय है कि सीहोर प्रशासन और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निश्शुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित हो रही है। क्लासेस में 2026 के एमपीपीएससी और यूपीएससी प्रीलिम्स को ध्यान में रखते हुए सप्ताहिक टेस्ट भी संचालित किया जा रहे हैं।



# पाटनी गांव में रात की आग ने सब कुछ छीन लिया

**जागरण, सीहोर।** जिले के ग्राम पाटनी में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब 3 बजे अचानक लगी भीषण आग ने दो परिवारों की पूरी जिंदगी राख में बदल दी। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते इरफान और इकबाल के लकड़ी से बने मकान धू-धू कर जल उठे। इस हादसे में इरफान के 10 कमरे और इकबाल के 6 कमरे पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

ग्रामीणों ने रात में ही आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कोई भी कोशिश कामयाब नहीं हो सकी। लगभग डेढ़ घंटे बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, तब तक सब कुछ जलकर समाप्त हो चुका था। आगजनी में करीब 4 किलो चांदी, 6 तोला सोना, 5 लाख रुपये नगद, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, टीवी, सोफा, पलंग, बिस्तर, कपड़े सहित पूरा घरेलू सामान नष्ट हो गया। इसके साथ ही 40 कट्टी लहसुन (लगभग 3 लाख रुपये मूल्य), 25 क्विंटल गेहूं, 5 क्विंटल चना, 2 क्विंटल मसूर और अन्य कृषि सामग्री भी जल गई। कुल मिलाकर दोनों परिवारों को लगभग 25 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।ग्रामवासियों ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जनसहयोग किया। किसी ने 200, किसी ने 500 तो किसी ने 1000 रुपये दिए। 26 ग्रामीणों के सहयोग से 16,010 रुपये की राशि एकत्र कर दोनों पीड़ित भाइयों को सौंपी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन से विशेष आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को पीड़ित परिवारों को अधिकतम अनुदान देना चाहिए, ताकि वे दोबारा अपना घर बना सकें।



सुदामा चरित्र के साथ सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित हो रही श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन

# मंदिर जाओ तो ठाकुरजी की छवि को नेत्रों से लेकर हृदय में बसा लो

**जागरण, सीहोर।** ठाकुर जी को जब सीता मैया ने पहली बार देखा था तो मैया ने देख कर के नेत्र बंद कर लिए थे क्योकीं राम जी की छवि मैया के हृदय में उतर जाए और यह ऐसा फोटो खिच जाता है जो कभी डिलीट नहीं होता है। ठाकुर जी के पूरे श्रृंगार का दर्शन करो ठाकुर जी के हाथ में कैसी बंसी है कैसा मुकुट है सब ध्यान में लेकर के आओ तब तक नेत्र बंद मत करो जबतक की हृदय में पूरी छबि नहीं बैठ जाए। उक्त उद्गार शनिवार को भागवत कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा विष्णू प्रिया ने श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए।

सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिन शनिवार को सुदामा श्रीकृष्ण मित्रता प्रसंग सुनाते हुए उन्होने कहा कि माता रूकमणी सहित ठाकुरजी की सोलह हजार एक सौ आठ पत्नियां है। सब सुखशांति से रहती है किन्तु संसारिक पति पत्नि हमेशा छोटी बातो पर झगड़ते है। बिना सत्संग प्रभु कृपा के रहने से रिश्ते भी टूट जाते है। रुक्मणी जी ठाकुर जी पर मौहित है। शिशुपाल ठाकुरजी को पंसद नहीं करता है। ठाकुरजी सौ बार क्षमा करते है। अंत में ठाकुरजी शिशुपाल का उद्धार कर देते है। मंदिर जाओ तो ठाकुरजी की छबि को मोबाईल में नहीं नेत्रों से लेकर हदृय में बसा लेना चाहिए क्योंकी मोबाईल का फोटो डिलीट भी हो सकता है किंतु हदृय में बसे ठाकुरजी मलमंदिर को शीतलता देते है। ठाकुर जी को जब सीता मैया ने पहली बार देखा था तो मैया ने देख करके नेत्र बंद कर लिए थे क्यों राम जी की छवि मैया के हृदय में उतर जाए और यह ऐसा फोटो खींच जाता है जो कभी डिलीट नहीं हो सकता है।

ठाकुर जी के पूरे श्रृंगार का दर्शन करो ठाकुर जी के कैसी बंसी हाथ में है कैसा मुकुट है सब ध्यान में लेकर के आओ तब तक नेत्र बंद मत करो जबतक की हृदय में पूरी छबि नहीं बैठ जाए। हनुमान जी महाराज ठाकुर जी के सबसे बड़े भक्त है। हनुमान जी अजर अमर है। हनुमान जी ठाकुरजी की हर लीला में शामिल होते है। राम जी को एक क्षण के लिए भी हनुमान जी नहीं छोड़ते है। राम जी के सारे काम हनुमानजी करते है। ठाकुर जी सेवा हमें हनुमानजी की तरह करना चाहिए। अध्यक्ष, संयोजक, महिला मंडल अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने गीताजी ग्रंथ की विधिवत पूजा अर्चना की और आरती प्रसाद वितरण के उपरांत कथा का मंगलमय समापन किया गया।



## न्यूज कार्नर

### महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** खेल जगत में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम बोरखेड़ा कलाँ में खेल आयोजन होने जा रहा है। स्व.राजेन्द्र पंवार (राजू) की स्मृति में आयोजित होने वाले इंटरस्कूल बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर हैं। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता आगामी 27 और 28 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा कलाँ के मैदान पर खेली जाएगी। बोरखेड़ा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11,001 रुपये का नकद पुरस्कार जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कृषि समिति श्रीमती उमा ओम पटेल व द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को आशीष पंवार की और से 5,001 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में मैदानी मुकाबले के साथ-साथ व्यक्तिगत कौशल दिखाने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, बेस्ट कीपर, बेस्ट फील्डर, सर्वाधिक छक्के और इम्पैक्ट खिलाड़ी जैसे वर्गों में सम्मान दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों में क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यापारियों और संस्थाओं ने अपना सहयोग प्रदान किया है। खेल के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आयोजकों ने एक विशेष पहल की है। टूर्नामेंट के समापन के बाद नए वर्ष के स्वागत के रूप में 1 जनवरी को सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं ने अमावस्या पर किया स्नान

**जागरण बुधनी।** साल की आखिरी अमावस्या के अवसर पर बुधनी नर्मदा घाट सहित आसपास के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कड़ाके की ठंड और ठिठुरन के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कमजोर नहीं पड़ी। अलसुबह से ही श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए घाटों पर पहुंचने लगे और हर-हर महादेव व मां नर्मदा के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई।इन दिनों क्षेत्र में कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। सुबह के समय घना कोहरा और ठंडी हवाओं के बीच तापमान काफी नीचे दर्ज किया गया, इसके बावजूद श्रद्धालुओं ने अमावस्या स्नान किया। बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने धार्मिक मान्यताओं के अनुसार स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार साल की आखिरी अमावस्या पर पवित्र नदी में स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। इस दिन स्नान करने से पापों से मुक्ति और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। कई श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दीपदान, तर्पण और दान-पुण्य भी किया।पूरे दिन रहा भक्तिमय माहौलअमावस्या के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना हुई और श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।कुल मिलाकर साल की आखिरी अमावस्या पर कड़कड़ाती ठंड भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं रोक सकी और नदी-घाटों पर श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।


**मकान बेचना है**

1200 स्क्वायर फीट पर बना हुआ मकान बेचना है छोटा बाजार, नसरुल्लागंज, जिला सीहोर में वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें

मोबाइल 8518997100


**दिसंबर में होना था काम पूरा 8 माह से बंद पड़ा है काम, गड्ढा खोदकर छोड़ दिया**

# बुधनी में अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य अधर में लटका, जनता हो रही परेशान



**जागरण बुधनी।** नगर की सबसे महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित परियोजना अंडर ब्रिज निर्माण कार्य आज गंभीर समस्या बन चुकी है। लंबे समय से यह काम पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। निर्माण स्थल पर केवल बड़ा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आम जनता को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बेधड़क पटरी पर कर रहे हैं दुर्घटनाओं को भी खुला न्योता दे रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार अंडर ब्रिज निर्माण का काम पहले कुछ समय तक चला, लेकिन बाद में अचानक रोक दिया गया। अब स्थिति यह है कि कई महीनों से न मजदूर दिखाई देते हैं और न ही मशीनें।

संबंधित विभागों की चुप्पी ने जनता की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ा दी हैं। निर्माण के नाम पर खोदा गया गड्ढा अब आम लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। नगर की सबसे बड़ी समस्या बना अंडर ब्रिज निर्माण कार्य तय समय-सीमा के बावजूद अधूरा पड़ा है। दिसंबर 2025 में लोकार्पण होना था, लेकिन रेलवे विभाग की ढीली कार्यप्रणाली के कारण काम अब तक पूरा नहीं हो सका, जनता अव्यवस्था से जूझ रही है। रेलवेद्वारा निर्धारित समय सीमा खत्म होने के बाद भी अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य अधर में लटका है। न तो काम में तेजी दिखाई दे रही है और न ही अधिकारियों द्वारा स्पष्ट जवाब दिया जा रहा है, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

### दो हिस्सों में बट कर रह गया नगर

उल्लेखनीय है कि बुधनी मे वर्षों पुरानी मांग अंडर ब्रिज को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व सांसद वर्तमान विधायक रमाकांत भार्गव ने जैसे तैसे पूरा किया था जिसमें नगर के दो हिस्सों को जोड़ने के लिए अंडर ब्रिज की सौगात नगरवासियों को दी थी, इससे पहले काम शुरू होने से पहले ही जिस ठेकेदार को ये टेंडर दिया गया था उसने काम ही चालू नहीं किया था जैसे तैसे दूसरी बार टेंडर हुआ और कुछ दिन काम चला और वह भी कुछ दिन बाद बंद हो गया बारिश के कारण काम बंद हो गया जो कि अभी तक शुरू नहीं हुआ है उल्लेखनीय की रेलवेलाइन के बीच नगर में से गुजरने के कारण पूर्ण बुधनी नगर दो हिस्सों में बंट कर रह गया है एक हिस्सा मुख्य बाजार एवं एक हिस्सा माना इलाका, दोनों ही हिस्सों के नागरिकों को अपने जरूरी काम से यहां से वहां जाना होता है जिसके लिए कोई सुविधाजनक रास्ता नहीं है यदि ओवर ब्रिज से जाया भी जाए तो उसकी दूरी काफी ज्यादा होती है क्यों मुख्य बाजार की तरफ तहसील कार्यालय, पुलिस स्टेशन, नगर परिषद, एवं जनपद पंचायत जैसे मुख्य कार्यालय हैं तो माना की ओर शासकीय महा विद्यालय, स्टेडियम आईटीआईसहित अन्य कार्यालय स्थित हैं वहीं मुख्य बाजार में लगने बाला सप्ताह में दो दिन हॉट बाजार है जिससे लोगों की आवाजाही बढ़ी मात्रा में होती है। लेकिन अब ये परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है।

### रेलवे लाइन को पार करना बनी मजबूरी

बुधनी और माना इलाके को दो हिस्सों ने बांटने बाली रेलवे लाइन को पार करना यहां के नागरिकों की मजबूरी है जिसके चलते रेलवे लाइन को पार करने के दौरान इस जगह कई बार हादसे हो गए जिसमें करीब एक दर्जन लोगों ने अपनी जान गंवा दी और कई लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो गए अंडर ब्रिज न बनने की स्थिति में लोगों का इसी तरह निकलना उनकी मजबूरी बन गया है और उच्च अधिकारी इस विकराल समस्या पर ध्यान नहीं दे रहेनगर वासियों का का आरोप है कि अंडर ब्रिज निर्माण में रेलवे विभाग की लापरवाही और ढीला रवैया सबसे बड़ा कारण है। समय-सीमा तय होने के बावजूद न तो काम में तेजी लाई जा रही है और न ही जनता को सही जानकारी दी जा रही है।भव्य भूमि पूजन के बाद भी बुधनी अंडर ब्रिज का अधूरा रह जाना जनता के विश्वास को ठेस पहुंचा रहा है। अब जरूरत है केवल घोषणाओं की नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर तेज और ठोस कार्रवाई की।अधूरा अंडर ब्रिज अब विकास कानहीं,बल्कि लापरवाही और अव्यवस्था का प्रतीक बन गया है। जनता को अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जल्द और ठोस कार्रवाई की जरूरत है।

# सोलर प्लांट के केबल, लाखों रुपये का सामान ले उड़े चोर

**जागरण बुधनी।** बुधनी में स्थित ट्राइडेंट परिसर के अंदर बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है अज्ञात चोरों ने ट्राइडेंट परिसर में लगे सोलर प्लांट को निशाना बनाते हुए केबल, तांबे के तार और अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लिए इस चोरी में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है घटना के बाद से पूरे औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है जानकारी के अनुसार चोरों ने सुनियोजित तरीके से रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए परिसर में प्रवेश किया बताया जा रहा है कि चोर पहले से ही सोलर प्लांट और वहां लगे उपकरणों की जानकारी रखते थे। उन्होंने सीधे सोलर प्लांट के केबल और तांबे के तारों को निशाना बनाया, जो बाजार में ऊंचे दामों पर बिकते हैं।

प्राथमिक आकलन में सोलर प्लांट से बड़ी मात्रा में केबल, वायर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी होने की बात सामने आई है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार चोरी गया सामान लाखों रुपये की कीमत का है। विस्तृत जांच और स्टॉक मिलान के बाद नुकसान की वास्तविक राशि का आंकलन किया जाएगा।ट्राइडेंट प्रबंधन द्वारा चोरी की घटना की सूचना बुधनी थाने में दी गई है पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है।

इस घटना के बाद औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अन्य फैक्ट्रियों और संस्थानों में भी चिंता का माहौल है। कुछ दिन पहले भी कंपनी के अंदर चोरी की घटना हुई थी पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग लोगों ने की है। उल्लेखनीय की क्षेत्र में चोरों को आतंक बढ़ता जा रहा है और यह आशंका गहराती जा रही है कि क्षेत्र में सक्रिय कोई संगठित चोरी गिरोह काम कर रहा है।फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही चोरी की इस बड़ी वारदात का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### यादव बने पिछड़ा वर्ग पंचायत के जिला संयोजक



**जागरण,रमगढ़ा।** सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले रामकृष्ण यादव को एक नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने यादव की सक्रियता और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें पिछड़ा वर्ग पंचायत का जिला संयोजक नियुक्त किया है। रामकृष्ण यादव वर्तमान में यदुवंश सेना के जिला अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं और युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इससे पूर्व उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री के रूप में संगठन को मजबूती देने का सफल कार्य किया है। अपनी निष्ठा और मिलनसार स्वभाव के कारण वे समाज के हर वर्ग में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। उनकी इस नियुक्ति पर जिले के सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्रों में खुशी की लहर है। समर्थकों का मानना है कि रामकृष्ण यादव के संयोजक बनने से पिछड़ा वर्ग समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन के समक्ष रखा जा सकेगा और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# टी रैगिंग एक्ट के प्रति जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय में एंटी रैगिंग समिति के तत्वावधान में रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नुक्कड़ नाटक रैगिंग को रोकने के लिए बनाए गए एंटी रैगिंग अधिनियम के प्रावधानों पर आधारित था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि रैगिंग एक गंभीर अपराध है, जो न केवल छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाती है, बल्कि इसके लिए कठोर कानूनी दंड का भी प्रावधान है। कलाकारों ने प्रभावशाली संवादों और सजीव अभिनय के जरिए रैगिंग से होने वाले दुष्परिणामों तथा कानून द्वारा दी जाने वाली सज़ाओं को सरल भाषा में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान एंटी रैगिंग समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि रैगिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है और यदि कोई छात्र ऐसी गतिविधि में शामिल पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाती है। साथ ही विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे न तो रैगिंग करें और न ही इसे सहन करें, बल्कि किसी भी प्रकार की रैगिंग की जानकारी तुरंत कॉलेज प्रशासन या एंटी रैगिंग समिति को दें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समिति के सदस्यों ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। विद्यार्थियों ने भी नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए रैगिंग मुक्त शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन रैगिंग के विरुद्ध सामूहिक शपथ के साथ किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने रैगिंग न करने और इसके विरुद्ध आवाज उठाने का संकल्प लिया।

### वेतन के अभाव में अतिथि शिक्षकों के घरों में अंधेरा, शासन के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** एक और प्रदेश की सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग की रीढ़ कहे जाने वाले अतिथि शिक्षक आर्थिक तंगी के बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सीहोर जिले के भैरुंदा सहित कई तहसीलों में 20 दिसंबर बीत जाने के बाद भी अतिथि शिक्षकों को मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। आलम यह है कि कहीं अक्टूबर तो कहीं नवंबर माह का वेतन अटका हुआ है। जिसके चलते अतिथि शिक्षक अब कर्ज लेकर घर चलाने को मजबूर हैं। जबकि शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट लिखित आदेश जारी किए थे कि हर माह की 5 तारीख तक अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। शासन-प्रशासन के नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। अतिथि शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस से लेकर स्कूल के हर शैक्षणिक कार्य में शत-प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। लेकिन जब हक के पैसे की बात आती है तो उन्हें केवल आश्वासन मिलता है। अतिथि शिक्षकों से नियमित शिक्षकों के बराबर कार्य लिया जाता है। लेकिन वेतन के नाम पर भारी भेदभाव है। जहाँ वर्ग-1 के नियमित शिक्षक को 70 हजार रुपये मिलते हैं। वहीं अतिथि शिक्षक मात्र 18 हजार में काम कर रहा है। वर्ग-2 में 14 हजार और वर्ग-3 में महज 10 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा है। विडंबना यह है कि इतना कम वेतन होने के बावजूद अतिथि शिक्षकों को एक भी आकस्मिक या मेडिकल अवकाश की पात्रता नहीं है। यदि वह एक दिन भी अनुपस्थित होते हैं तो उनका वेतन काट लिया जाता है। अतिथि शिक्षकों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। शिक्षकों का कहना है कि 2 सितंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने की बड़ी घोषणाएं की थीं। लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में उनमें से एक भी मांग पूरी नहीं हुई। अतिथि शिक्षकों का तर्क है कि सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने में उनकी अहम भूमिका है। फिर भी उन्हें हर बार नई भर्ती परीक्षाओं की अनिश्चितता में धकेला जा रहा है। कई अतिथि शिक्षक अब आयु सीमा पार कर चुके हैं, जिससे वे नई भर्तियों के फॉर्म भरने के भी पात्र नहीं रहे। पीड़ित अतिथि शिक्षकों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनका बकाया मानदेय तत्काल डाला जाए और पूर्व में की गई घोषणाओं को अमल में लाकर उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए अन्यथा वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# लाइटहाउस स्कूल का अवलोकन करने पहुंचे जिले के सभी पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य



**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** क्षेत्र के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाड़कुई में शिक्षा के स्तर और नवाचारों को देखने के लिए जिले भर के शिक्षाविदों का जमावड़ा लगा। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार.सीहोर जिले के समस्त पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों ने लाड़कुई स्कूल का भ्रमण कर यहाँ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में लाड़कुई स्कूल को लाइट हाउस स्कूल का दर्जा दिया गया है जो अन्य विद्यालयों के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है। भ्रमण के दौरान प्राचार्य और प्रशासनिक टीम ने विद्यालय में हो रहे नवाचारों 21 वीं सदी के कौशल और वोकेशनल कोर्स के संचालन को बारीकी से देखा। टीम ने शालेय एवं शैक्षणिक व्यवस्था के साथ-साथ जन सहयोग से विकसित किए गए बुनियादी ढांचे की भी जमकर सराहना की। कार्यक्रम में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की प्रशासनिक एवं अकादमिक टीम उपस्थित रही। साथ ही भोपाल से संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से इस भ्रमण और समीक्षा कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पधारे हुए सभी प्राचार्यों का आत्मीय स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय समस्त स्टाफ की कड़ी मेहनत और ग्रामीणों के सहयोग को दिया है।






# गूंजा जनता की आवाज बुलंद करने का संकल्प



**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस संगठन ने ब्लॉक स्तर पर अपनी नई टीम की घोषणा की। जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी सूची के अनुसार, सुनील गोलिया को भैरूंदा, चंदर मीणा को लाड़कुई और सुभाष पटेल को गोपालपुर ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शनिवार को इन तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्वारका प्रसाद जाट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में इन नियुक्तियों की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। अब नई और ऊर्जावान टीम के गठन से यह विश्वास जगा है कि आने वाले समय में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ जनता की आवाज को बुलंद करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सभी नवनियुक्त पदाधिकारी बरसों से पार्टी के सच्चे और वफादार सिपाही रहे हैं। जिन्होंने हमेशा पार्टी के हितों के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष किया है। इस नई नियुक्तियों के बाद कांग्रेस संगठन में नई जान फूंकने की तैयारी है।

नवनियुक्त अध्यक्षों ने भी संकल्प लिया कि वह जनता की समस्याओं को लेकर मुखर रहेंगे और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। जिन्होंने फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ अपने नए ब्लॉक अध्यक्षों का अभिनंदन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय पटेल, देवी सिंह थारोल, अशोक भाटी, राजकुमार पटेल, संतोष शर्मा, गोपाल शर्मा, मुकेश पवांर, ओमप्रकाश पवार, संतोष शर्मा हालिया खेडी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

विदेशों में प्याज की मांग बढ़ने से भाव में आने लगी तेजी, अभी तक 25 हजार क्विंटल लहसुन की गई लोड

# आष्टा के लहसुन-प्याज से 9 राज्यों में लगेगा स्वाद का तड़का, 2 लाख क्विंटल प्याज भेजा

**तहसील के किसान अपनी और से भरपूर मेहनत कर पैदावार को बड़ा रहे हैं, खेती के लिए पानी महत्वपूर्ण हैं। इस तहसील में अनेकों स्टाप डेम हैं तथा नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना लगभग पूर्णता की और हैं। ऐसे में आने वाले वर्षो में हर फसल का उत्पादन बड़ेगा। वही आष्टा मंडी की व्यवस्थाओं के चलते अन्य तहसील के किसान भी यहां फसल विक्रय करने आते हैं। अब समस्या स्थान की हैं, स्थानाभाव के चलते अब वर्तमान मंडी को नवीन मंडी में स्थानातरित करने की मांग जोर पकड़ने लगी हैं। समीप ही राजमार्ग निकलने से अन्य जिलों के किसानों की पहुंच आसान हो गई हैं।**

## 100 एकड़ में बन रही मंडी के निर्माण की गति धीमी होने से किसानों एवं व्यापारियों को उठानी पड़ रही हैं अनेक परेशानियां

- गत वर्ष 102362 क्विंटल प्याज भेजा गया था
- गत वर्ष 18208 क्विंटल लहसुन भेजी गई थी

**जागरण, आष्टा।** स्थानीय मंडी में धीरे-धीरे प्याज और लहसुन के व्यापार में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा हैं। वर्तमान में मंडी से प्याज उत्तर प्रदेश के पांच शहरों रामपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, आगरा और बुलंदशहर को जा रहा है। छत्तीसगढ़ में दुर्ग, दिल्ली, महाराष्ट्र में गोंदिया, अमरावती, अकोला, अहमदनगर, औरंगाबाद, वेस्ट बंगाल में कोलकाता, दार्जिलिंग, आंध्र प्रदेश में चित्तूर, बिहार में सुपौल, गुजरात, उत्तराखंड और लहसुन का व्यापार छत्तीसगढ़ के दुर्ग, चंडीगढ़, कर्नाटक के बेंगलुरु, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, महाराष्ट्र के गोंदिया अमरावती, मुंबई, अकोला, पुणे, नागपुर, जलगांव, बिहार, दिल्ली, गुजरात और पश्चिम बंगाल में भी आष्टा मंडी से लहसुन भेजा जा रहा है।

मंडी सचिव ने बताया कि आष्टा मंडी से लहसुन और प्याज 9-9 राज्यों को भेजा जा रहा है। गत वर्ष के 558 अनुज्ञा पत्र प्याज के जारी किए गए थें। जिसमें 102362 क्विंटल प्याज विभिन्न राज्य को भेजा गया जबकि इस वर्ष आज दिनांक की स्थिति में 1.96 लाख क्विंटल प्याज 1035 अनुज्ञा पत्रों के माध्यम से भेजा गया है। इसी प्रकार पिछले वित्तीय वर्ष में 291 अनुज्ञा के द्वारा 18208 क्विंटल और इस वर्ष 382 अनुज्ञा पत्रों के माध्यम से 22733 क्विंटल लहसुन विभिन्न राज्यों में भेजा गया। आंकड़ों की बात करें तो लहसुन के व्यापार में डेढ़ गुना और प्याज के व्यापार में लगभग दो गुना बढ़ोतरी हुई है। बताया जाता हैं कि लहसुन और प्याज के भावों में बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई हैं, जिसका मुख्य कारण महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में खराब मौसम (अचानक बारिश, सूखा) फसल को नुकसान, कम उत्पादन, और आपूर्ति श्रृंखला में रुकावटें हैं, हालाँकिए यह भी देखा गया हैं कि नई फसल आने पर या मौसम सुधरने पर कीमतों में कुछ कमी आ सकती हैं, लेकिन कुलमिलाकर आने वाले महीनों में भी महंगाई की आशंका हैं, जब तक कि मौसम स्थिर न हो जाए और आपूर्ति में सुधार न हो, जिसके कारण लहसुन और प्याज के भाव बढ़ने की संभावना हैं।

प्रदेश के लहसुन और प्याज की मांग छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और केरल में भी है। यहां के लहसुन और प्याज की महक मलेशिया दुबई, श्रीलंका और बांग्लादेश में भी है। वर्तमान में बांग्लादेश आत्मनिर्भर होने के कारण प्रदेश में लहसुन और प्याज की स्थिति थोड़ी डांवाडोल हो गई थी लेकिन दूसरे राज्यों से मांग बढ़ने के कारण इसकी स्थिति में काफी सुधार आया है। धीरे-धीरे सऊदी अरब, यमन ईरान, फिलिपींस तथा अन्य देशों द्वारा भी प्याज तथा लहसुन की मांग किए जाने से इसका भारत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कुल मिलाकर यदि सूत्रों की माने तो आष्टा मंडी भविष्य में निर्यात करने वाली इंदौर भोपाल हाईवे पर बड़ी मंडी हो सकती हैं। इसलिए कि इसके निकट में सीहोर मंडी लहसुन और प्याज की हब मंडी बनती जा रही है। निकट में अरनियाकला, शुजालपुर, शाजापुर और पोलायाकला भी लहसुन तथा प्याज के बड़े उत्पादक तहसील क्षेत्र है। जिसका लाभ आष्टा मंडी के व्यापारियों को मिलेगा। जैसे ही मंडी शिफ्ट होगी, लगभग तीन से चार गुना यहां का व्यापार बढ़ाने की संभावना है। जिससे लहसुन और प्याज के व्यापार में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

जीवनसिंह शेरपुर का हरेंद्रसिंह ने किया स्वागत

# जन क्रांति आंदोलन में हरदा जाने वालों के लिए की गई व्यवस्था



## आष्टा, खाचरोद में करणी सैनिकों के लिए विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था

**जागरण, आष्टा।** हरदा में आयोजित होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में करणी सैनिक आष्टा होते हुए हरदा पहुंच रहे हैं। इस दौरान करणी सैनिकों का संगठनों के द्वारा पृथक-पृथक विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई हैं। शनिवार की शाम को करणी सेना परिवार के जीवनसिंह शेरपुर आष्टा होते हुए हरदा पहुंचे, इस दौरान खाचरोद में जीवनसिंह शेरपुर का स्वागत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को हरदा में प्रस्तावित जन क्रांति न्याय आंदोलन को लेकर आष्टा एवं जावर तहसील में अनेक संगठनों के द्वारा विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई हैं। बताया जाता हैं कि हरदा जाने वाले करणी सैनिकों के लिए इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर खड़ी जोड़ के निकट स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट, सेंधव राजपूत समाज छात्रावास आष्टा नगर एवं मेवाड़ राजपूत समाज ने श्री महाराणा प्रताप छात्रावास सेमनरी रोड़ आष्टा नगर, कन्नौद- आष्टा मार्ग पर स्थित देवनखेड़ी जोड़ एवं खाचरोद में पुलिस चौकी से 200 मीटर आगे सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज व सर्व समाज खाचरोद ब्लॉक द्वारा 15 हजार से अधिक करणी सैनिकों के लिए विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई हैं तथा 35 से अधिक हलवाई द्वारा भोजन बनाया जा रहा हैं। करणी सैनिकों के लिए भोजन के पैकेट भी बनाए जा रहे हैं। जिसकी व्यवस्था हरेंद्रसिंह, बलवीरसिंह सोनालिका शोरूम, विक्रमसिंह ठाकुर एवं युवा टीम खाचरोद ब्लॉक के द्वारा व्यवस्था की गई हैं। शनिवार की शाम से ही भोजन प्रारंभ हुई। इसी प्रकार सेंधव राजपूज समाज धर्मशाला द्वारा नेमावर में भी करणी सैनिकों के लिए विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई हैं। शनिवार की सुबह से ही आष्टा से होते हुए बड़ी संख्या में करणी सैनिक हरदा के रवाना हुए, जिसके चलते कन्नौद रोड़ पर वाहनों के आवाजाही बड़ गई।

करणी सेना परिवार के जीवनसिंह शेरपुर का खाचरोद में हरेंद्रसिंह, बलवीरसिंह सोनालिका शोरूम, विक्रमसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोगो ने स्वागत किया। जीवनसिंह शेरपुर ने भोजन भी वितरीत किया। इस दौरान जीवनसिंह शेरपुर ने कहा कि करणी सैनिकों के लिए आप सब के द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई हैं। हरदा जाते समय हमे किसी वाहन को ओवरटेक नहीं करना हैं। अनुशासनपूर्वक जन क्रांति न्याय आंदोलन में भाग लेना हैं।



# हिन्दू सम्मेलन को लेकर हुआ भूमिपूजन, निकाली ध्वज यात्रा




**जागरण, जावर।** नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन संपन्न हुआ। उक्त सम्मेलन 11 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। इस दौरान धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजन स्थल को पवित्र किया गया और सम्मेलन की सफलता की कामना की गई। सकल हिन्दू समाज की सर्वसम्मति से संयोजक राजू भावसार, सह संयोजन जयश जोशी, जितेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष वीरेंद्रसिंह ठाकुर को बनाया गया। संयोजक राजू भावसार ने बताया कि 11 जनवरी को जावर नगर में संत आगमन, कलश यात्रा, संत आशीर्वाद, समरसता सहभोज का आयोजन होगा। आयोजित होन वाले विराट हिन्दू सम्मेलन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं पर हुई चर्चा



**जागरण, जावर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा हाल में रोगी कल्याण समिति, कार्यकारिणी सभा और साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने की। इस दौरान अस्पताल में स्टाफ की कमी, साफ-सफाई और सुरक्षा गार्ड की समस्या पर चर्चा हुई। मरीजों को हो रही परेशानी को लेकर भी मुद्दा उठा। जिसमे समिति के सचिव डॉ. अमित माथुर एवं प्रभारी डॉ. दीपराज बागरी द्वारा एजेंडा रखा, जिसमे 27 बिन्दुओ पर चर्चा के दौरान विधायक एवं समिति के समस्त सदस्यों द्वारा विचार विमर्ष कर प्रस्ताव पारित किये, एवं ग्रामीणों को विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश विधायक द्वारा दिया गया, समिति के सामने अस्पताल में स्टाफ़ की कमी एवं अन्य समस्याओं पर बात कर उसका निराकरण करने हेतु निर्देश दिए गए इस दौरान विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि सभी कर्मचारी निर्भीक होकर काम करें। किसी भी समस्या की जानकारी सीधे जिम्मेदार अधिकारी को दें। बिना सोचे कोई कदम न उठाएं। विधायक ने कहा कि अस्पताल के विकास से जुड़ा जो भी काम स्थानीय स्तर पर होगा, उसे शीघ्र पूरा करवाया जाएगा। शासन स्तर की मांगों का भी समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। वर्तमान में जावर में स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य जो की वर्तमान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एवं विधायक के अथक प्रयासों से जावर में पोस्टमार्टम शुरू हुआ जिसके लिए कई वर्षों से प्रयासरत थे यह उपलब्धि अब जावर एवं आसपास के लोगो के लिए अत्यंत लाभदाई होगी इसके लिए रोगी कल्याण समिति के द्वारा विधायक का आभार व्यक्त कर धन्यवाद प्रेषित किया। बैठक में समिति सदस्य, साधारण सभा के सदस्य और दानदाता मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम नितिन टाले, बीएमओ डॉ. अमित माथुर, तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, डॉ. अभिषेक कुशवाह, महिला बाल विकास से रीना सिंह, समिति सदस्य बहादुरसिंह, वीणा जोशी, सीमा ठाकुर, योगेश भावसार, आत्माराम गोयल, रवि गोस्वामी, सुरेश मालवीय आदि मौजूद थें।


## सीएमएचओ ने जारी किया चीफ बीएमओ को कारण बताओ नोटिस

**जागरण, सुसनेर।** सिविल अस्पताल सुसनेर में सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करने में गंभीर अनियमितताओं को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ;सीएमएचओद्ध डॉ दिनेश देहलवार ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को सीएमएचओ द्वारा सिविल अस्पताल सुसनेर के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव कुमार बरसेना को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि बीएमओ के अधीनस्थ बंधपत्र चिकित्सकों द्वारा शासन के निर्देशों की लगातार अवहेलना करते हुए सार्थक पोर्टल पर गृह निवास से तथा अनैतिक तरीके से फोटोध्वीडियो के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। जबकि वास्तविक रूप से कार्य संपादित नहीं किया जा रहा। इससे प्रदेश एवं जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हुई है। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि संस्था के रिपोर्टिंग अधिकारी होने के नाते उक्त अनियमितताओं की जवाबदेही बीएमओ की बनती है लेकिन संचालनालय व जिला स्तर से बार.बार निर्देश दिए जाने के बावजूद प्रभावी मॉनीटरिंग नहीं की गई जो गंभीर लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम.3 का उल्लंघन है और कदाचार की श्रेणी में आता है। बीएमओ को नोटिस प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय.सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उक्त नोटिस की प्रतिलिपि आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षाए संचालक संचालनालयए उप संचालक आईटीए मिशन संचालक एनएचएमए कलेक्टर आगर मालवा सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है।

## 60 से अधिक आवारा मवेशियों को किया शहर से बाहर

**जागरण शाजापुर।** शहर की सड़कों पर बढ़ते आवारा मवेशियों के जमावड़े और आए दिन होने वाले हादसों को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन शनिवार सुबह से एक्शन मोड में नजर आया। नगरपालिका द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों से करीब 50 से 60 गायों और सांडों को पकड़कर टांडा बोल्डी स्थित गौशाला भिजवाया गया।

# सुंदरसी में अवैध लकड़ी के खेल का पर्दाफाश मम्मू खां की आरामशीन पर लटक गया ताला



**जागरण शाजापुर।** अवैध काष्ठ के काले कारोबार पर वन विभाग ने वज्रपात करते हुए सुंदरसी में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बेखौफ चल रहे लकड़ी तस्करों और नियम विरुद्ध आरामशीन संचालकों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए विभाग ने मम्मू खां की आरामशीन को सील कर दिया है। कागजों में हेराफेरी कर गोदामों में अवैध लकड़ी का अंबार लगाने वाले संचालकों को विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि नियम टूटेंगे, तो मशीनें भी रुकेंगी और लकड़ी भी जब्त होगी। वनमण्डल शाजापुर के अंतर्गत अवैध काष्ठ संग्रहण, चिरान और परिवहन को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन में विभाग की टीम ने शनिवार को सुंदरसी स्थित एक आरामशीन पर औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की है। यहां रिकॉर्ड से अधिक मात्रा में अवैध लकड़ी पाए जाने पर मशीन को सील कर दिया गया है।

## अभिलेखों में हेराफेरी और अवैध स्टॉक मिला

जानकारी के अनुसार, गश्ती दल और शाजापुर परिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने सुंदरसी स्थित मम्मू खां पिता जूम्मे खां की लाइसेंसशुदा आरामशीन का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान काष्ठ चिरान पंजी (स्टॉक रजिस्टर) में दर्ज मात्रा और मौके पर उपलब्ध लकड़ी के स्टॉक में भारी विसंगति पाई गई। रजिस्टर में दर्ज मात्रा से कहीं अधिक लकड़ी परिसर में अवैध रूप से संग्रहित की गई थी। इस पर विभाग ने मामला दर्ज कर लकड़ी जप्त कर आरा मशीन का संचालन बंद कर दिया है।

## सतत जारी रहेगी निगरानी

वन विभाग के अशोकसिंह बघेल ने बताया कि जिले में अवैध रूप से लकड़ी के चिरान और परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय स्टाफ और गश्ती दल द्वारा सभी आरामशीनों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि वन संपदा का अवैध दोहन रोका जा सके।

## आत्महत्या मामले में पति और सास पर प्रकरण दर्ज

**जागरण शाजापुर।** स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत विराट सिटी में बीते दिनों हुई एक नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। शुक्रवार शाम को पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद मृतका के पति और सास के खिलाफ दहेज हत्या और प्रताड़ना की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीती 12 दिसंबर को विराट सिटी स्थित एक किराए के मकान में 31 वर्षीय दीक्षा पटेल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। दीक्षा, कुलदीप पटेल की पत्नी थीं। घटना के बाद मृतका के पिता सुनील वर्मा निवासी ग्राम मेना, जिला सीहोर की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने जब मृतका के मायके पक्ष के बयान दर्ज किए, तो प्रताड़ना की दर्दनाक कहानी सामने आई। परिजनों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा कार की मांग को लेकर दीक्षा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

# गांवों की प्रगति देखने जमीन पर उतरीं कलेक्टर, कहीं परखी जैविक खेती की खुशबू, तो कहीं देखा सौर ऊर्जा का दम



**जागरण शाजापुर।** जिले की विकास योजनाओं को रफ्तार देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर ऋजु बाफना ने पाडलिया के अमृत सरोवर से लेकर बेहरावल के पशु आहार केंद्र तक का सघन दौरा कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानी। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नवाचार करने वाले किसानों व महिला समूहों को जिला प्रशासन पूरा मंच प्रदान करेगा।

## कलेक्ट्रेट में महकेगी जैविक उत्पादों की खुशबू

भ्रमण के दौरान कलेक्टर अरनियाकलां के कृषक अरुण कुमार सोनानिया के स्वाधिका जैविक केंद्र पहुंचीं। वहां गोबर से निर्मित प्रतिमाएं, धूपबत्ती और कच्ची घानी का शुद्ध तेल देखकर वे प्रभावित हुईं। कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए हर सोमवार और मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्टॉल लगवाए जाएं। उन्होंने हल्दी और सोना मोती गेहूं जैसी फसलों की खेती देख किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया।

## बेरछा दातार में सोलर प्लांट से पैदा होगी बिजली

ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का उदाहरण देखने कलेक्टर बेरछा दातार पहुंचीं। यहां पीएम कुसुम-। प्रोजेक्ट के तहत 16 बीघा जमीन पर लगे 2.4 मेगावाट के सोलर प्लांट का निरीक्षण किया। यह प्लांट प्रतिदिन 15,000 यूनिट बिजली पैदा कर ग्रिड को सप्लाई करेगा। कलेक्टर ने इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

## दीदियों का कमाल, पशु आहार से कमाया लाखों का मुनाफा

बेहरावल में गौरी आजीविका पशु आहार केंद्र की सफलता की कहानी सुनकर कलेक्टर गदगद हो गईं। महिला समूह ने बताया कि महज 2 महीने में 20 लाख रुपये का बिजनेस कर उन्होंने 74 हजार रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं (दीदियों) की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन मॉडल बताया।

## शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो होगी कार्रवाई

ग्राम रोसी में तालाब के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर का सख्त रुख भी देखने को मिला। ग्रामीणों को पानी के उचित बंटवारे की समझाइश देते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि पानी के लिए लड़ाई-झगड़ा न करें और यदि किसी ने शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सांदीपनी विद्यालय पोचानेर के भवन में सीपेज और घटिया निर्माण की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सुधार के निर्देश दिए। वहीं जामुनिया और शेरपुरा मेंएक बगिया मां के नाम प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए पौधों की देखरेख का निरीक्षण किया। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत पीएचई विभाग को पोचानेर में जल्द काम पूरा करने को कहा।

# नया साल बाबा श्याम के साथ नव वर्ष के उपलक्ष्य में निकलेगी निशान यात्रा



**जागरण अकोदिया।** इस नव वर्ष की शुरुआत श्याम प्रेमी बाबा श्याम की भक्ति भाव के साथ करेंगे नगर क्षेत्र देश प्रदेश में खुशहाली सुख समृद्धि की मंगलकामनाओ को लेकर श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट परिवार अकोदिया के तत्वाधान में भव्य निशान यात्रा निकाली जा रही है 1 जनवरी गुरुवार शाम 4. 00 बजे से निशान यात्रा मां अन्नपूर्णा माता मंदिर जाटपुरा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से श्याम नाम का जयकारा करते हुए शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर अकोदिया नरेश के दरबार में पहुंचेगी जहां बाबा श्याम को निशान अर्पित कर संपूर्ण विश्व में खुशहाली का वातावरण हो ऐसी कामना की जाएगी यात्रा प्रभारी कमलेश अग्रवाल डॉ सुशील कुमार गेहलोत ने बताया कि नव वर्ष के उपलक्ष में सुबह 10. 00 बजे श्री खाटू श्याम मंदिर पर श्याम प्रेमीयो द्वारा ओम श्री श्याम देवाय नमः महामंत्र का जाप भी किया जाएंगा।

# पुलिस बर्बरता के खिलाफ फूटा आक्रोश, शाजापुर से हरदा के लिए रवाना हुआ जन क्रांति न्याय का काफिला



**जागरण शाजापुर।** हरदा पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रावास में घुसकर करणी सैनिकों और सर्व समाज के युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध और अपनी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर 21 दिसंबर को हरदा में आयोजित जन क्रांति न्याय आंदोलन में शामिल होने के लिए शाजापुर जिले से एक विशाल काफिला शनिवार को रवाना हुआ। प्रदेश संगठन मंत्री अजीत सिंह खड़ी डोडिया और जिलाध्यक्ष सोनू बना सांपखेड़ा के नेतृत्व में निकले इस काफिले में युवाओं का भारी जोश देखने को मिला। पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस द्वारा छात्रावास जैसी जगह पर घुसकर की गई बर्बरता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती और 21 सूत्रीय मांगों को नहीं माना जाता, तब तक यह न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।

## इन मार्गों से गुजरेगा काफिला

दोपहर 1 बजे जिला कार्यालय पर बड़ी संख्या में युवा और सर्व समाज के लोग एकत्रित हुए, जहां से काफिला बुमतलाई माता जी, गुलाना और शुजालपुर होते हुए हरदा के लिए आगे बढ़ा। रास्ते में जगह-जगह अन्य लोग भी इस काफिले में जुड़ते गए। आंदोलन की खास बात यह है कि इसमें केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सर्व समाज के लोग एकजुट होकर हिस्सा ले रहे हैं। नेतृत्वकर्ताओं का दावा है कि हरदा में होने वाला यह आंदोलन प्रशासन को हिला देगा और न्याय लेकर ही वापस लौटेगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाल्यकाल से मेरा नाम राजाराम तथा गोत्र चौहान लिखा जाता रहा। जिसके कारण मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखो में मेरा नाम राजाराम चौहान अंकित है। मेरी सही गोत्र चौहान न होकर जाटवा है। भविष्य में समस्त प्रकार के पत्राचार, सेवा रिकार्ड, बैंक, वित्तीय संस्थान आदि समस्त प्रकार के व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक कार्यो में मेरा नाम राजाराम जाटवा पिता रमेशचन्द्र जाटवा के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**राजाराम जाटवा पिता रमेशचंद्र जाटवा**
**पता - ग्राम जहानपुर, जिला व तहसील शाजापुर( मप्र )**

## न्यूज कार्नर

### वरिष्ठ अधिवक्ता वर्मा के पुत्र का निधन

**देवास।** अभिभाषक संघ के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक वर्मा के पुत्र अभिषेक वर्मा का 43 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और उनका उपचार इंदौर के बांबे अस्पताल में चल रहा था। वे अपने पीछे माता-पिता व दो बच्चे छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार की अपरान्ह 4 बजे अग्रोहा नगर स्थित निज से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अभिभाषक, व्यापारी, पत्रकार सहित गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। स्थानीय मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में गोविंद यादव, अनिलराजसिंह सिकरवार, मनोज हेतावल, प्रदीप भार्गव, योगेंद्र भारती, न्यायाधीश युवराज सिंह, पीयुष पांडे, भारत कनेल, राजेंद्र बापट, रघुवीर यार्दी, पद्माकर फडणीस, अशोक सोलंकी, पीयुष मुंगी सहित कैलाश डागा, प्रहलाद डागा, शरद अग्रवाल, मनीष सेन, जसवंत सिंह गंभीर, ईश्वर बैरागी, शिवा चौधरी, जितेंद्र गौड़, रघुवीर यार्दी, हेमंत शर्मा, महेश बोड़ाने, अशोक वर्मा, डॉ. योगेश वालिम्बे, अशोक सेन, चेतन राठौड़, रामप्रसाद सूर्यवंशी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आबकारी व्रत देवास अ में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें आबकारी टीम देवास द्वारा भोलेनाथ मंदिर के पास बालगढ़ रोड, बस स्टैण्ड एवं स्टेशन रोड पर संदिग्ध स्थानों एवं ढाबों पर चैकिंग की गई, जिसमें 50 पाव देशी मदिरा प्लेन, 44 पाव विदेशी मदिरा, 03 बॉटल विदेशी मदिरा एवं 6 केन बियर बरामद की गई। कार्यवाही में 2 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। कार्यक्रम में उप निरीक्षक प्रेम यादव, बाल मुकुंद गौड़, राजाराम रायकवार, निहाल खत्री, निकिता परमार, अरविंद जिनवाल, बालकृष्ण जायसवाल शामिल थे।

### विधि महाविद्यालय में प्रश्न मंच का आयोजन

**देवास।** शासकीय विधि महाविद्यालय देवास में इको क्लब के तत्वावधान में गत दिवस प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। जिसें प्रथम आराधना पांचाल, द्वितीय उर्वशी परमार तृतीय आशीष गरोड़ा रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. भारती जोशी, प्रो. अर्पित जैन, संदीप सिंह रावत, प्रो. किरण बगाना एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन कौशल्या सुतार ने किया एवं आभार प्रो. ज्योति जोशी ने माना।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**देवास।** महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस चरण का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों के माध्यम से छात्रों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों और दुष्परिणामों से अवगत कराना है।

## शादी के फोटो वायरल होने पर पूर्व मंत्री ने तोड़ी चुप्पी

# मैंने गलतियां जरूर की होंगी लेकिन बेईमानी नहीं की : जोशी

### सोमवार को भोपाल में पत्रकार वार्ता लेकर करूंगा खुलासा

**देवास।** पिछले एक माह से पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी के पुत्र पूर्व मंत्री दीपक जोशी द्वारा अलग-अलग तीन महिलाओं से शादी करने के फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद आखिरकार शनिवार को उन्होंने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि इस पूरे मामले का खुलासा वे सोमवार को भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान करेंगे। गौरतलब है कि 2021 में कोरोना काल के दौरान पूर्व मंत्री दीपक जोशी की धर्मपत्नी विजया जोशी का निधन हो गया था। इसके बाद से ही समय-समय पर कई प्रकार के अटकलें लगती आई और कभी दीपक जोशी का नाम नम्रता जोशी से जुड़ा तो कभी शिखा मित्रा के साथ जुड़ता नजर आया। इसी बीच हाल ही में कांग्रेसी नेत्री पल्लवी सक्सेना के साथ 4 दिसंबर को आर्य समाज भोपाल से शादी करने



की बात सामने आई है। इतना ही नहीं दीपक जोशी द्वारा पल्लवी की मांग भरते हुए व फेरे लेते हुए फोटो-वीडियो वायरल हुए है। अभी तक तो यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे, किंतु पिछले दो दिनों में कुछ समाचार पत्रों ने दीपक जोशी के विवाह संबंधी खबर प्रकाशित की। जिसमें जोशी की तीसरी व चौथी शादी होने का दावा किया गया। इसके बाद दीपक जोशी ने शनिवार को अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि सोशल मीडिया किसी भी बात को काफी तेजी से प्रसारित करता है। मनुष्य के जीवन में यश और अपयश दोनों चलते है। मैं जिस परिवार से हूं, उसकी ऊंचाई इतनी अधिक है कि मेरे ख्याल से बहुत कम परिवारों की होती होगी। मैं मानता हूं कि मनुष्य से कुछ गलती होती है। यदि हम गलती करते है तो प्रायश्चित भी होना चाहिए। जहां तक महिलाओं से संबंध या संपर्क होने की बात है, तो मैं सोमवार को भोपाल में मीडिया के समक्ष अपनी बात रखूंगा। जोशी ने कहा कि मैंने गलतियां जरूर की होगी, लेकिन बेईमानी नहीं की है। मैं राजनीति में अपने पिता को आदर्श व अटलबिहारी वाजपेयी को भगवान मानता हूं। यदि मैं दोषी हूं तो भारतीय कानून के तहत मुझे सजा मिलना चाहिए। इससे जुड़े कुछ मामले कोर्ट में भी चल रहा है, जिसे न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। कुल मिलाकर विवाह संबंधी फोटो वायरल होने के बाद जोशी की मुसीबत बढ़ती नजर आ रही है, क्योंकि पल्लवी के अलावा दो अन्य महिलाएं भी पूरी दमदारी के साथ शादी होने का दावा कर चुकी है। अब देखना है कि सोमवार को दीपक जोशी प्रेस वार्ता में किस बात का खुलासा करते है और किन्हें बेनकाब करते है।



## सामान्य वर्ग में भी गरीब लोग होते हैं, शासन को उनकी ओर भी ध्यान देना चाहिए : धोधलिया

**सोनकच्छ।** सभी धर्म के सामान्य वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए शासन ने 10 प्रतिशत आरक्षण दिया है, जिसमें कई कमियां हैं। जिनको दूर करना हमारी इस यात्रा का उद्देश्य है। सामान्य वर्ग में भी गरीब लोग होते हैं, शासन को उनकी ओर भी ध्यान देना चाहिए। उन्हें शासन से ईडब्ल्यूएस के नाम पर 10 प्रतिशत आरक्षण तो मिला लेकिन इसमें कई प्रकार की पाबंदी भी लगा दी हैं। मुख्य रूप से ईडब्ल्यूएस आरक्षण में आय सीमा, निवास स्थान का एरिया, पारिवारिक आय का मूल्यांकन जैसी कई विसंगतियां है। जिसके कारण सामान्य वर्ग को कई परेशानियां आ रही हैं। हमारा विरोध यह भी है कि शासन द्वारा ईडब्ल्यूएस की स्कीम लागू करने के बाद उसका कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया गया, जिससे जरूरतमंद तक इसकी जानकारी नहीं पहुंच पाई है। उक्त बात शुक्रवार को चुरू राजस्थान से ईडब्ल्यूएस जन जागरुकता और जनसंपर्क यात्रा पर निकले विक्रमसिंह धोधलिया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। आगे उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होकर करीब 9000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। वार्ता पश्चात करनी सेना जिलाध्यक्ष प्रीतमसिंह राजपूत के नेतृत्व में धोधलिया का स्वागत किया गया। यहां राज प्रतापसिंह राजपूत, कुलदीप सिंह बैस, जितेंद्र राजपूत, कुलदीप राणा मनसा आदि उपस्थित थे।

## स्वर्णिम समारोह की सफलता पर आभार बैठक संपन्न

**सोनकच्छ।** बीते दिनों संपन्न हुए रोटरी क्लब के स्वर्णिम समारोह की सफलता पर गुरुवार को एक निजी फॉर्म हाउस पर क्लब की आभार बैठक आयोजित हुई। जिसमें समारोह के संयोजक पीडीजी सत्यनारायण लाठी ने रोटरी क्लब सोनकच्छ की एकता, अनुशासन एवं सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि सोनकच्छ क्लब ने हमेशा एकजुट रहकर समाजसेवा के कार्यों को प्राथमिकता दी है और यही एकता क्लब की बड़ी शक्ति है। भविष्य में भी हम इसी प्रकार मिलकर रोटरी के मूल उद्देश्यों के अनुरूप निरंतर सेवा कार्य करते रहेंगे। सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर व क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर ने समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले



सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। सहयोगियों का स्वागत भी किया गया। बैठक में क्लब के हुकमचंद अग्रवाल, डॉ. बुरहानुद्दीन बोहरा, मो. असलम खान, कमल नागर, संजय सेठी, अमरसिंह मालवीय आदि उपस्थित थे।

## पानी चोरी करने नदी में डली मोटर पकड़ने पहुंचा नगर परिषद अमला

### कार्यवाही को भाजपा किसान नेता ने रोका, छिड़ी बहस

**सोनकच्छ।** नगर की जनता के लिए पेयजल आपूर्ति करने के लिए प्रशासनिक अमला चिंतित है। वहीं कुछ सत्तापक्ष के नेता ही इस कार्य में बाधक बन रहे है। बुधवार को नप की टीम पानी चोरी कर रही मोटरें जब्त करने पहुचीं थी। जिसे भाजपा नेता के हस्तक्षेप के बाद रुकवा दिया था। तब बुधवार को ही नप अधिकारी सीएमओ अमरदास सेनानी ने कलेक्टर को पत्र लिख जल संसाधन विभाग द्वारा जारी रसीदों को निरस्त करने की मांग की थी। जिस पर जल संसाधन विभाग द्वारा शुक्रवार को रसीदों वाले किसानों को सीमा पूर्ण का हवाला देते मोटरें हटाने का आदेश जारी किया गया। नप अमला पुनः मोटर जब्त करने की कार्यवाही करने पहुंचा, जहां भाजपा के किसान नेता मेहरबान सिंह चौधरी ने कार्यवाही में हस्तक्षेप किया और इंजीनियर से नियमों का हवाला देते हुए बहस की तथा सिंचाई विभाग को बुलाने और उनके कार्यक्षेत्र का हवाला देते हुए दबाव पूर्वक ग्रामीणों से मोटर पुनः रखवा दी। इसके बाद सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची एवं मोटर उठाने का आदेश बताते नेताजी को पाठ पढ़ाया कि आप किसानों के हित में काम करों। मौके पर पहुंचे तहसीलदार संजय गर्ग भी नेताजी को खरी खोटी सुनाई और कहा कि शासकीय कार्य है, इसमें इस प्रकार का हस्तक्षेप उचित नहीं है। सिंचाई विभाग ने बताया कि यहां मोटरों की अनुमति 3 एचपी की है, वो 5 से 10 एचपी की चला रहे है। जबकि ये मोटरें 24 घंटे संचालित हो रही है, जिससे कुछ लोगों द्वारा मोटी कमाई की जा रही है। नप अमले ने कार्रवाई करते 1 मोटर जब्त की। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में कुछ सत्तापक्ष के ही नेता जल चोरी करने का कार्य कर रहे है।



## भाजपा जिला कार्यालय पर हुआ टोली बैठक का आयोजन

**देवास।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पं. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय पर टोली बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सेंधव ने बताया कि अटलजी की जन शताब्दी के अंतर्गत 27 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे होटल सियाराम डमरू उज्जैन रोड देवास में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी के 50 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। सेंधव ने बताया कि 25 दिसम्बर को देवास जिले के सभी 1426 बूथों पर अटल स्मृति में माल्यार्पण किया जाएगा तथा अटल जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस कार्यक्रम का प्रभारी प्रमोद डोंगलिया को बनाया गया है। बैठक में प्रवीण चौधरी, पृथ्वीराज सिंह चौहान, बलराम दावठा, कैशरसिंह देवगढ़ सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## लघु उद्योग भारती द्वारा एमएसएमई कार्यशाला आयोजित

**देवास।** लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की कार्यक्षमता, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं अनुपालन व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की (आरएएमपी) योजना के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन की नोडल एजेंसी मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा लघु उद्योग भारती देवास के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य उद्योगों के विस्तार, उनकी कार्यप्रणाली में सुधार, नवाचार को प्रोत्साहन तथा सरकारी योजनाओं की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात लघु उद्योग भारती, देवास इकाई अध्यक्ष



सुभाष शिंदे ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों एवं उद्यमियों का अभिनंदन किया। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक रतनसिंह डावर ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न अनुदान एवं प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए उद्यमियों से इनका अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समीर मूंदड़ा ने लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय स्तर के कार्यों की जानकारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मुकाती ने बताया कि यह कार्यशाला भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत आयोजित की गई है, जिसका उद्देश्य देशभर में एमएसएमई क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करना है। कार्यशाला में प्रांत सह सचिव प्रतीक गुप्ता, वॉलमार्ट से आए समीर मिस्त्री आदि ने मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर संजय कारपेंटर, हरीश जैन, संकेत राय, अखिलेश तिवारी, भरत व्यास, पंकज चंद्रावत, महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती रचना तलाटी, सचिव श्रीमती किन्शू गुप्ता, श्रीमती प्रीति सिंगी, श्रीमती सारिका मुकाती, श्रीमती मोनिका शर्मा, श्रीमती सारिका राय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र जायसवाल ने किया एवं आभार सचिव विजेंद्र उपाध्याय ने माना।



## नियम विरुद्ध चल रहे आधार सेंटर का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सोनकच्छ।** कृषि उपज मंडी स्थित आधार सेंटर की लगातार शिकायतों पर शुक्रवार को एसडीएम प्रिया चंद्रावत द्वारा निरीक्षण कर पंचनामा बनवाया गया। शिकायत पर पाया कि सेंटर संचालक शीतल सेंधव स्वयं आधार सेंटर पर मौजूद ना होकर अन्य कर्मचारी से आधार केंद्र पर कार्य करवाया जा रहा था, वहां मौजूद एक महिला कर्मचारी ने बताया कि जब से आधार सेंटर शुरू हुआ है तभी से वो काम कर रही है। जो शासन के मापदंड अनुसार नियम विरुद्ध है, शिकायतकर्ता की रसीद में निःशुल्क कार्य करने का उल्लेख था। जबकि उनसे 100 रुपए लिए गए थे। केंद्र पर आधार कार्ड सुधारने के लिए शुल्क विवरण चार्ट नहीं लगाया पाया। केंद्र पर आने वाले सभी लोगों से अधिकतम चार्ज लेकर कार्य करना भी पाया गया। यहां एसडीएम ने स्वयं पंचनामा बनवाया। एसडीएम चंद्रावत ने बताया कि अनियमितताओं को लेकर पंचनामा बनाया है, जिसका प्रतिवेदन बनाकर अधिकारियों को भेज दिया गया है।

## भौंरासा में आयोजित हुई विधायक प्रतिभा खोज स्पर्धा

**भौंरासा।** विधायक राजेश सोनकर द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अनूठी विधायक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को हैलीकाप्टर से सफर कराया जाएगा। इसके अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को भौंरासा स्थित शासकीय कन्या उमावि में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत निबंध लेखन, भाषण, तात्कालिक भाषण, प्रश्न मंच एवं एकल गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध एवं भाषण के विषय आत्मनिर्भर भारत, नवाचार, भारतीय संस्कृति एवं स्टार्टअप संस्कृति में युवाओं की भागीदारी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेश सोनकर रहे। अध्यक्षता भाजपा नेता अनिल चावड़ा ने की। विशेष अतिथि के रूप में नप अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आरामसिंह ठाकुर, डॉ. रूपसिंह नागर, रमेशचंद्र हेड़ा एवं विद्यालय की प्राचार्य नीता शर्मा उपस्थित रहे। विधायक डॉ. सोनकर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास और सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है। सोनकच्छ क्षेत्र का हर बच्चा प्रतिभावान है, जरूरत है तो केवल सही मंच और अवसर की। यह पहल एक सशक्त, शिक्षित और संस्कारित युवा पीढ़ी के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को हैलीकाप्टर यात्रा, जबकि द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आकाश जैन ने किया।



## बचपन का सपना हुआ पूरा : डॉ. धर्मपाल



**खातेगांव।** रोमांचक खेलों में स्काई डाइविंग तेजी से युवाओं के बीच लोकप्रिय होता जा रहा है। इस एडवेंचर स्पोर्ट्स में प्रतिभागी हवाई जहाज से हजारों फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर पैराशूट की मदद से सुरक्षित जमीन पर उतरते है। रोमांच और आत्मविश्वास से भरा यह अनुभव लोगों को खासा आकर्षित कर रहा है। इस खेल में अपना आत्मविश्वास और बचपन के सपने को पूरा करने की जिद्द को लेकर विगत कई दिनों से लगातार सक्रियता के साथ कार्य करने वाले खातेगांव क्षेत्र के डॉ. धर्मपाल वेद ने 10 हजार व 13 हजार फीट की ऊंचाई से ड्राइव करके नया कीर्तिमान बनाया है। डॉ. धर्मपाल वैद्य संभवत प्रदेश के पहले युवा खिलाड़ी है, जो इस कार्य को सफलता के साथ कर रहे हैं। इस संबंध में चर्चा करते हुए डॉ. धर्मपाल वैद्य ने बताया कि स्काई डाइविंग से पहले प्रतिभागियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें सुरक्षा नियम, शरीर की सही स्थिति और पैराशूट के उपयोग की जानकारी शामिल होती है। शुरुआती लोगों के लिए टैंडम स्काई डाइविंग की सुविधा होती है, जिसमें अनुभवी प्रशिक्षक साथ रहते हैं। भारत में मैसूर, आंबी वैली, देहरादून और जैसलमेर जैसे स्थान स्काई डाइविंग के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। मैंने थाईलैंड सहित उज्जैन में भी इसको किया है, यह खेल मेरे जीवन का सपना था, जो आज मैं पूर्ण कर रहा हूं। विशेषज्ञों के अनुसार यह खेल न केवल साहस बढ़ाता है, बल्कि मानसिक तनाव कम करने में भी सहायक है। हालांकि विशेषज्ञों ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉ. धर्मपाल वैद्य पहले ऐसे युवा है, जिन्हें देवास जिले में यह पहला लाइसेंस स्काई डाइविंग का प्राप्त हुआ।

## स्कूल में दादी नानी पोती मेला आयोजित

**सोनकच्छ।** शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को दादी नानी पोती मेला आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि बीआरसी संतोष शर्मा, अध्यक्षता संस्था प्रधान फारुक खान की। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया। छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजन एवं मनोरंजन खेल के स्टॉल लगाए। आयोजन के दौरान संस्था की अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की अंकसूचियों का वितरण किया। दादी-नानियों का म्यूजिकल चेयर गेम कराया, जिसमें कक्षा सातवीं की छात्रा रिया की नानी विजेता रही। एनआरएलएम अंतर्गत स्वयं सहायता की दीदियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर व्यंजनों का आनंद लिया। ओलंपियाड के प्रथम चरण की चयनित छात्रा दिव्या, हेमलता, आरती और लक्ष्मी का सम्मान किया।

